Title: Need to provide Central Assistance to State Government of Madhya Pradesh for providing relief to the people affected by earthquake and heavy rains in Jabalpur.

SHRI DADA BABURAO PARANJAPE (JABALPUR):

जबलपुर जिला म.प्र. का एक महत्वपूर्ण जिला है, म.प्र. का उच्च न्यायालय, दो विश्वविद्यालय (जिसमें एक कृषि विश्वविद्यालय है) म.प्र. विद्युत मंडल का प्रमुख कार्यालय तथा रक्षा उत्पादन से संबंधित पांच कारखाने, वहां पर विद्यमान हैं । कुछ समय पूर्व यहां रेलवे जोन का प्रमुख कार्यालय खुल गया है ।

विगत एक वर्ष में जिले को दैवी आपत्तियों का प्रकोप भोगना पड़ा है । लगभग ८ माह पहले आये भूकंप के कारण जिले में आधे से अधिक मकान बुरी तरह से टूट-फूट गये हैं तथा शेष मकानों की हालत अत्यंत खस्ता है ।

विगत वर्ष भर प्रतिमाह पूरे जिले में वर्षा होती रही तथा इस कारण रबी तथा खरीफ के फस्लें पूर्णतः नष्ट हो चुकी हैं । जिले के अनेक स्थानों पर ओलावृष्टि हुई । इन कारणों से लगभग ५० से भी अधिक व्यक्ति कालकवलित हो गये तथा बहुत मात्रा में पशुधन भी नष्ट हो गया है ।

केन्द्रीय शासन से आग्रह है कि एक विशेषज्ञों का दल, जबलपुर भेजा जावे तथा उनकी रिपोर्ट पर उचित सहायता पहुंचा कर ग्रामीण तथा शहरी जनता को राहत पहुंचायी जाये ।

____